# राज्य सेवा संवर्ग संघर्ष समिति

1 बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
2 बिहार पुलिस सर्विस एसोसियेशन
3 बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ
4 बिहार अभियंत्रण सेवा संघ
5 बिहार वित्त सेवा संघ
6 बिहार पशुपालन सर्विस एसोसियेशन
7 बिहार पुलिस एसोशियेसन
8 बिहार योजना एवं विकास सेवा संघ
9 बिहार सचिवालय सेवा संघ
10 बिहार पुलिस मेन्स एसोशियेसन
11 बिहार लेखा सेवा संघ
12 बिहार सहकारिता प्रशासनिक सेवा संघ
13 बिहार प्रदेश फार्मेसी शिक्षक संघ
14 बिहार कृषि सेवा संघ
15 बिहार सांख्यिकी सेवा संघ
16 बिहार सहकारिता अंकेक्षण सेवा संघ
17 बिहार आशुलिपिक सेवा संघ

पत्रांक :– 61

दिनांक :– 23/6/2015

सेवा में,

**माननीय मुख्यमंत्री,**
बिहार सरकार।

विषय :– प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक हटाने के संबंध में।

महाशय,

सामान्य प्रशासन ने ज्ञा0 2012 दिनांक 12.08.2014 द्वारा राज्य सरकार की सभी सेवाओं एवं पदों (क्षेत्रीय कार्यालयों सहित) पर प्रोन्नति हेतु विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक लगायी गई है; जबकि प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक माननीय उच्च न्यायालय का आदेश नहीं है। प्रोन्नति बाधित करना न्यायोचित नहीं है सरकार का दायित्व कि इसका न्यायोचित रास्ता निकालकर प्रोन्नति समिति की बैठक पर लगायी रोक को हटाते हेतु प्रोन्नति का रास्ता प्रशस्त करे। प्रोन्नति समिति की बैठक नहीं होने से अनुजाति/जनजाति के अतिरिक्त अन्य सभी वर्ग के कर्मचारी/पदाधिकारी का प्रोन्नति बाधित हो गया है। कर्मचारी/पदाधिकारी सवोनिवृत्त हो रहे है उन्हें पेंशन की राशि का नुकसान हो रहा है। कर्मचारी/पदाधिकारी का मनोबल गिरता जा रहा है। विभिन्न पदों पर रिक्तियों बढ़ती जा रही है जिसका असर सरकारी कामकाज पर पड़ रहा है। हम सेवा संवर्ग का आन्दोलन का मकसद कोई नई मांग नहीं है बल्कि सरकार के बनाये गये प्रावधान के तहत प्रोन्नति देने पर लगाई गई रोक को हटाने के लिए है।

उपरोक्त के संदर्भ में वर्णित सेवा संवर्ग द्वारा प्रोन्नति समिति पर लगाये गये रोक के विरोध में दिनांक 28.06.15 को 4:00 बजे अपराहन्, जे0पी0 गोलम्बर (गाँधी मैदान) से डाकबंगला चौराहा तक रैली निकाले जाने का निर्णय लिया गया है।

वर्णित सेवा संवर्ग का भवदीय से विनम्र अनुरोध है कि प्रोन्नति समिति पर रोक हटाने की दिशा में न्यायोचित कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

**ह0/–**
**(सुशील कुमार)**
संयोजक
सेवा संवर्ग संघर्ष समिति

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(सुशील कुमार)
संयोजक

प्रतिलिपि :– अध्यक्ष/सचिव सभी जिला इकाई को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपरोक्त रैली में भाग लेने की कृपा की जाए।

ह0/–
(सुशील कुमार)
संयोजक

प्रतिलिपि :– अध्यक्ष/महासचिव/महामंत्री/सचिव उपरोक्त सेवा संवर्ग को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने–अपने सदस्यों के साथ उपरोक्त रैली में भाग लेने की कृपा की जाए।

(सुशील कुमार)
संयोजक

# राज्य सेवा संवर्ग संघर्ष समिति

1 बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
2 बिहार पुलिस सर्विस एसोसियेशन
3 बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ
4 बिहार अभियंत्रण सेवा संघ
5 बिहार वित्त सेवा संघ
6 बिहार पशुपालन सर्विस एसोसियेशन
7 बिहार पुलिस एसोशियेसन
8 बिहार योजना एवं विकास सेवा संघ
9 बिहार सचिवालय सेवा संघ
10 बिहार पुलिस मेन्स एसोशियेसन
11 बिहार लेखा सेवा संघ
12 बिहार सहकारिता प्रशासनिक सेवा संघ
13 बिहार प्रदेश फार्मेसी शिक्षक संघ
14 बिहार कृषि सेवा संघ
15 बिहार सांख्यिकी सेवा संघ
16 बिहार सहकारिता अंकेक्षण सेवा संघ
17 बिहार आशुलिपिक सेवा संघ

पत्रांक :– 58 दिनांक :– 23/6/2015

**दिनांक 21.06.2015 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन में राज्य सेवा संवर्ग की बैठक हुई।**

**उपस्थिति** :– पंजी के अनुसार।

पूर्व से निर्धारित बैठक के अनुसार सरकार के द्वारा दिनांक 12.08.2014 को प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक पर चर्चा की गई, जबकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 05.08.2014 को प्रोन्नति पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक के विरोध में दिनांक 29.05.2015 को काला बिल्ला लगाकर सरकारी कार्यक्रम सम्पादन किया गया। पुनः दिनांक 07.06.2015 को एक दिवसीय धरना/उपवास कार्यक्रम किया गया। इसी संदर्भ में दिनांक 28.06.2015 को 4 बजे अपराहन् जे0पी0 गोलम्बर (गाँधी मैदान) से डाकबंगला चौराहा तक रैली निकाले जाने का निर्णय लिया गया।

सभी सेवा संवर्ग की अगली बैठक दिनांक 05.07.2015 को 10 बजे पूर्वाहन् में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन में होगी। जिसमें आन्दोलन के अगले स्वरूप पर विचार किया जाएगा।

(सुशील कुमार)
संयोजक

**प्रतिलिपि** :– सभी सेवा संवर्ग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(सुशील कुमार)
संयोजक